# मध्य रेलवे के 11 कर्मी सम्मानित

- जीएम संरक्षा पुरस्कार मिला
- उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला इंजीनियर सम्मानित
- जीएम धर्मवीर मीना ने रेलकर्मियों को दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने चार मार्च को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 11 मध्य रेल, कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया, जिसमें मुंबई मंडल के 4, पुणे मंडल के 3, सोलापुर मंडल के 2, भुसावल मंडल के 1 और नागपुर मंडल के 1 कर्मचारी शामिल हैं। महाप्रबंधक ने 24 कोच वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए सीएसएमटी प्लेटफॉर्म नंबर 12/13 के प्लेटफॉर्म विस्तार और रीमॉडलिंग के कार्य के दौरान उनके समर्पित कार्य और उत्कृष्ट योगदान के लिए कल्याण के सिग्नल एवं दूरसंचार (निर्माण) की जूनियर इंजीनियर कुमारी साक्षी गुप्ता को भी सम्मानित किया। उन्हें पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य का प्रशस्ति पत्र और 2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

**पुरस्कार विजेताओं का विवरण**

**मुंबई मंडल:** **1.** एस त्रिनाथ राव, मोटरमैन, पनवेल, **2.** अजाब जंगलू बंते, मोटरमैन, कल्याण, मुंबई, **3.** प्रियांशु, जूनियर इंजीनियर (एस एंड टी), दादर, मुंबई, **4.** श्रीमती रूपाली कदम, हवलदार, जीआरपी, वडाला मुंबई। **पुणे मंडल : 5.** सुदर्शन कुमार, लोको पायलट (माल), मिरज, पुणे। **6.** सतीश कुमार प्रजापति, लोको पायलट (माल), घोरपडी, पुणे, **7.** एस आर पठारे, मोटरमैन, पुणे। **सोलापुर मंडल : 8.** मनीष राज, डिप्टी स्टेशन मैनेजर, मरतुर, सोलापुर, **9.** कुमार अमन राज, लोको पायलट (माल), वाडी, सोलापुर, **10.** श्याम वाघमारे, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, पीडब्ल्यूआई, भुसावल, **11.** विकास कुमार, पॉइंट्समैन, दीपोरी, नागपुर। **कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**





**अधिकारी रहे मौजूद**

महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए तथा उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सजगता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सजगता, बहादुरी और समर्पण के ऐसे कार्य अन्य लोगों को भी यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने तथा जान, माल और रेलवे संपत्ति की हानि को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**पनवेल मनपा वित्त वर्ष 2024-25**

# 341 करोड़ से अधिक संपत्ति कर जमा

- महज चार दिनों में 5.5 करोड़ से अधिक कर संग्रह
- नागरिकों का संपत्ति कर भरने की ओर रुझान बढ़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पनवेल।** चालू वित्त वर्ष में अप्रेल 2024 से लेकर 4 मार्च 2025 तक पनवेल मनपा की तिजोरी में 341 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर जमा हो चुका है। संपत्ति कर मनपा का एकमात्र आर्थिक स्रोत है, और आयुक्त मंगेश चितले के मार्गदर्शन में पिछले कुछ महीनों से नागरिकों से जल्द से जल्द संपत्ति कर भरने की अपील की जा रही थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला है। इस वर्ष मनपा की तिजोरी में 341 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। 31 मार्च संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तिथि होने के कारण और कर पर प्रति माह 2% की बढ़ती पेनल्टी को देखते हुए नागरिक बड़ी संख्या में कर भर रहे हैं। पिछले चार दिनों में प्रतिदिन 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मनपा की तिजोरी में जमा हो रही है। 1 से 4 मार्च तक कुल 5.56 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ है। इसके अलावा, संपत्तिधारक यदि नाम में बदलाव करना चाहते हैं, तो वे मनपा के 'पीएमसी टैक्स ऐप' मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। नाम बदलने के लिए रिक्वेस्ट करने पर मनपा द्वारा अपडेट के बाद संबंधित व्यक्ति को नोटिफिकेशन मिलेगा। संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए महापालिका ने पीएमसी टैक्स ऍप विकसित किया है, साथ ही www.panvelmc.org वेबसाइट के माध्यम से भी कर जमा किया जा सकता है। नागरिकों को इन सुविधाओं का लाभ उठाकर जल्द से जल्द अपना संपत्ति कर भरने की अपील की गई है। संपत्ति कर से संबंधित किसी भी संदेह के समाधान के लिए टोल-फ्री नंबर 1800 5320340 पर संपर्क किया जा सकता है, ऐसा आह्वान उपायुक्त स्वरूप खारगे द्वारा किया गया है।

> संपत्ति कर मनपा की आय का प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में मनपा के विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं। मनपा कार्यक्षेत्र के नागरिकों को अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान कर मनपा को सहयोग करना चाहिए।
>
> **सहायक आयुक्त स्वरूप खारगे, पनवेल महानगरपालिका**

# वेश्यावृत्ति में लिप्त महिला दलाल गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नालासोपारा।** अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ, नालासोपारा ने अभिनंदन फैमिली रेस्टो बार, संतोष भुवन, नालासोपारा पूर्व में अवैध वेश्यावृत्ति में लिप्त महिला दलाल आरोपी को गिरफ्तार करने और दो महिला पीड़ितों को बचाने में सफलता प्राप्त की। यह पूरी कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में नालासोपारा यूनिट की पुलिस निरीक्षक सौरभी पवार के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी - कर्मचारी की टीम ने की है।यह कार्रवाई पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर अभिनंदन फैमिली रेस्टो बार,संतोष भुवन,पेल्हार रोड,नालासोपारा पूर्व में एक महिला वेश्या वेश्यावृत्ति के लिए लड़कियों को उपलब्ध करा रही है। उसके बाद, यूनिट ने 3 मार्च 2025 को पुलिस टीम,फर्जी ग्राहक और दो पंच के साथ उक्त स्थान पर जाकर कार्रवाई की,जिसमें एक महिला वेश्या दलाल रेशमा पंडित बोरसे,उम्र 31 वर्ष को गिरफ्तार कर, दो महिला पीड़ितों को बचाने में सफल रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,एक फर्जी ग्राहक बनाया गया और जब उसने रेशमा नामक वेश्या के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, तो उसने वेश्यावृत्ति के लिए एक लड़की की मांग की। उसने कहा,"मैं एक लड़की के लिए 10,000 लूँगी। अगर आप तैयार हैं,तो कृपया अभिनंदन फैमिली रेस्टो बार,संतोष भुवन,नालासोपारा पूर्व में आएँ।" फर्जी ग्राहक ने सहमति दे दी। पुलिस निरीक्षक सौरभी पवार द्वारा बताए अनुसार एक लड़की को चुना और धनराशि का भुगतान कर दिया गया तथा पुलिस टीम को इसकी पुष्टि की सूचना दे दी गई। उस समय, पुलिस टीम ने वहां छापा मारा और 31 वर्षीय रेशमा पंडित बोरसे नामक एक महिला दलाल को गिरफ्तार कर लिया। दो महिला पीड़ितों को वेश्यावृत्ति से बचाया गया।

# परमेश्वर की प्रेरणा से युक्त व्यक्ति अर्थात दिव्यांग: योगेश गोडसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कल्याण।** जिन व्यक्तियों को परमेश्वर ने किसी न किसी रूप में कुछ कम दिया होता है, उन्हें छठी इंद्रिय भरपूर मात्रा में प्रदान की जाती है। अर्थात, ऐसे व्यक्तियों में परमेश्वर की प्रेरणा होती है और वे दिव्यांग कहलाते हैं। इसी विचार को कल्याण-डोंबिवली मनपा के अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे ने प्र. के. आचार्य अत्रे रंगमंदिर में दिव्यांग व्यक्तियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान व्यक्त किया। मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ की अवधारणा के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए उनकी समस्याओं को समझकर उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी संदर्भ में, मनपा समाज विकास विभाग द्वारा प्र. के. आचार्य अत्रे रंगमंदिर में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए खेल स्पर्धाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग प्रतिभागियों ने गीत-गायन, तबला वादन एवं अन्य कलाओं के माध्यम से एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 दिव्यांगों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विजयी दिव्यांग महिलाओं को टीवी सीरियल "आई तुळजा भवानी" की प्रसिद्ध अभिनेत्री पूजा काले के हाथों पैठणी (पारंपरिक साड़ी) भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जबकि दिव्यांग पुरुष विजेताओं को कुर्ता-पायजामा प्रदान किया गया। इसके साथ ही, सभी उपस्थित दिव्यांगों को प्रोत्साहन स्वरूप घड़ी भेंट में दी गई। इस कार्यक्रम में मनपा समाज विकास विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव, अपंग विकास महासंघ के अध्यक्ष अशोक भोईर, समाज विकास अधिकारी प्रशांत गवाणकर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

- मनपा समाज विकास विभाग द्वारा दिव्यांगों के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति




# वसई तालुका पत्रकार संघ का क्रिकेट स्पर्धा संपन्न

## प्रसाद सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, जयेश सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और गजेंद्र 'मैन ऑफ द सीरीज' घोषित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** वसई तालुका पत्रकार संघ और सारंग मित्र मंडल द्वारा आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में वालिव स्थित राहुल दादा प्रतिष्ठान की टीम ने जीत हासिल की, जबकि पालिका के अग्निशमन दल की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में आठ निमंत्रित टीमों ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा का उद्घाटन वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी और कोच वसंत मोरे तथा न्यू इंग्लिश स्कूल के पूर्व प्राचार्य और कबड्डी एसोसिएशन के माणिकराव दोतोंडे के हाथों संपन्न हुआ। इस दौरान पूर्व नगरसेवक हार्दिक राऊत, सारंग मित्र मंडल के राहुल घरत, रणजीत कांबळे और अन्य लोग उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुंबई टीम के गोविंदा, वसई के सुपुत्र रॉस्टन डायस, पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर, परिवहन समिति सदस्य अमित वैद्य, कैलास रांगणेकर, राहुल घरत, वसई तालुका पत्रकार संघ के अध्यक्ष संदीप पंडित, सचिव आशिष राणे, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह ,पत्रकार शिवकुमार शुक्ल ,दत्तात्रय पाटील, किरण पाटील ,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबले में राहुल दादा प्रतिष्ठान ने पालिका के अग्निशमन दल को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, जयेश को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और गजेंद्र को 'मैन ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया। इस अवसर पर राहुल घरत ने आप्पा मैदान पर सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिस पर क्षितिज ठाकुर ने जल्द ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | (Tender NO)/estimated Amt./Tender form fee/ EMD Amt./ Name of work | Sale period of tender ONLINE ONLY | Submission due date ONLINE ONLY |
|---|---|---|---|
| 1 | (SE/KC-II/HR/OS/2025-26/T-16)/Limited to Rs. 2,51,33,280/- /Rs. 5,900/- Rs. 1,25,666/- Providing Outsourced Skilled & Unskilled Manpower under Kalyan Rural Division. | From Dt. 05.3.2025 to 19.3.2025 | Dt. 19.3.2025 to 15.00 Hrs. |

Tenders are invited from eligible bidders for following works by **E-tendering method**
The bidders are requested to get registered for e-tendering procedure.
**Contact Person**-Executive Engineer (Adm.), Kalyan Circle-II.
**Tel No.** 0251-2328283-Ext No-302, Mob:EE(Adm) 8879626969
**Add:** M.S.E.D.C.Ltd, Kalyan Circle-II (O&M), Tejshree Build., Third Floor, Kalyan (W)- 421 301.
**Email**- sekalyan2@gmail.com/amhrkck2@gmail.com
**Website**- www.mahadiscom.in

**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender)from reputed & registered contractors on Mahatransco E-Tendering Website https://srmetender.mahatransco.in/ for the following Tender specification.

| Sr. No. | Particular | Description |
|---|---|---|
| 1 | **RFx No.** | **7000035544** |
| | E-Tender No. & Name of Tender. | E-Tender No.:EE/PAC/Div/DMB/Tech/**E-TENDER-01**/2025-2026. Hiring of A.C.LMV (Swift/ Ertiga or equivalent) along with Driver for **Executive** Engineer (located at Airoli) at PAC Division Dombivali For the period from 01.04.2025 or the date of placing of Work Order to 31.03.2026. |
| 2 | **RFx No.** | **7000035545** |
| | E-Tender No. & Name of Tender. | E-Tender No.:EE/PAC/Div/DMB/Tech/**E-TENDER-02**/2025-2026. Hiring of A.C.LMV (Ertiga or equivalent) along with Driver for **Protection Unit 1**(located at Dombivali) at PAC Division Dombivali For the period from 01.04.2025 or the date of placing of Work Order to 31.03.2026. |
| 3 | **RFx No.** | **7000035546** |
| | E-Tender No. & Name of Tender. | E-Tender No.:EE/PAC/Div/DMB/Tech/**E-TENDER-03**/2025-2026. Hiring of A.C.LMV (Ertiga or equivalent) along with Driver for **Protection Unit 2** (located at Airoli) at PAC Division Dombivali For the period from 01.04.2025 or the date of placing of Work Order to 31.03.2026 |
| 4 | **RFx No.** | **7000035547** |
| | E-Tender No. & Name of Tender. | E-Tender No.:EE/PAC/Div/DMB/Tech/**E-TENDER-04**/2025-2026. Hiring of A.C.LMV (Ertiga, Bolero or equivalent) along with Driver for **Automation Unit** (located at Airoli) at PAC Division Dombivali For the period from 01.04.2025 or the date of placing of Work Order to 31.03.2026. |
| 5 | **RFx No.** | **7000035548** |
| | E-Tender No. & Name of Tender. | E-Tender No.:EE/PAC/Div/DMB/Tech/**E-TENDER-05**/2025-2026. Hiring AC A.C.LMV (Ertiga, Bolero or equivalent) along with a driver for **"Communication Unit"** at PAC Division Dombivali For the period from 01.04.2025 or the date of placing of Work Order to 31.03.2026. |
| 6 | Tender Downloading & submission Dates & time. | **From 05.03.2025, 10:00:00 Hrs to 20.03.2025 , 09:59 Hrs.** |
| 7 | Date & Time (Hrs.) for online opening of Tender Documents. | **20.03.2025 at 10:00 Hrs. ( if possible )** |
| 8 | Amount for **Each Tender 1, 2,3,4,5–**(AC LMV for Ex. Engineer, Protection Unit 1, Protection unit 2, Automation Unit , Communication Unit) | **5,99,935.96/- ( For each Tender No.1, 2,3,4,5)** |
| 9 | Each Tender EMD | Rs. 5999.35 |
| 10 | Each Tender Fees | Rs. 500/- + GST as applicable. |

Note : All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM portal. \

Sd/-
EXECUTIVE ENGINEER,
PAC DIVISION DOMBIVALI

**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | (Tender NO)/estimated Amt./Tender form fee/ EMD Amt./ Name of work | Sale period of tender ONLINE ONLY | Submission due date ONLINE ONLY |
|---|---|---|---|
| 1 | (SE/KC-II/HR/OS/2025-26/T-15)/Limited to Rs. 3,84,53,806/- /Rs. 5,900/- Rs. 1,92,296/- Providing Outsourced Skilled & Unskilled Manpower under Ulhasnagar Division-II. | From Dt. 05.3.2025 to 19.3.2025 | Dt. 19.3.2025 to 15.00 Hrs. |

Tenders are invited from eligible bidders for following works by **E-tendering method**
The bidders are requested to get registered for e-tendering procedure.
**Contact Person**-Executive Engineer (Adm.), Kalyan Circle-II.
**Tel No.** 0251-2328283-Ext No-302, Mob:EE(Adm) 8879626969
**Add:** M.S.E.D.C.Ltd, Kalyan Circle-II (O&M), Tejshree Build., Third Floor, Kalyan (W)- 421 301.
**Email**- sekalyan2@gmail.com/amhrkck2@gmail.com
**Website**- www.mahadiscom.in

**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | (Tender NO)/estimated Amt./Tender form fee/ EMD Amt./ Name of work | Sale period of tender ONLINE ONLY | Submission due date ONLINE ONLY |
|---|---|---|---|
| 1 | (SE/KC-II/HR/OS/2025-26/T-17)/Limited to Rs. 3,34,34,068/- /Rs. 5,900/- Rs. 1,67,170/- Providing Outsourced Skilled & Unskilled Manpower under Badlapur Division. | From Dt. 05.3.2025 to 19.3.2025 | Dt. 19.3.2025 to 15.00 Hrs. |

Tenders are invited from eligible bidders for following works by **E-tendering method**
The bidders are requested to get registered for e-tendering procedure.
**Contact Person**-Executive Engineer (Adm.), Kalyan Circle-II.
**Tel No.** 0251-2328283-Ext No-302, Mob:EE(Adm) 8879626969
**Add:** M.S.E.D.C.Ltd, Kalyan Circle-II (O&M), Tejshree Build., Third Floor, Kalyan (W)- 421 301.
**Email**- sekalyan2@gmail.com/amhrkck2@gmail.com
**Website**- www.mahadiscom.in

**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E- TENDER 1ST CALL NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in/ for following works

| Sr. No. | RFX No. | E-Tender No. & Description of Material | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000035553 | **SE/EHV/O&M/CIR/KLW/TECH/ Ten-58(1st call)/24-25** E-Tender for Work of Procurement of Office furniture/ Water cooler under EHV (O&M) Circle, Kalwa under GAB for FY 2024-25 | Tender Downloading Dates & time. Tender Sale period. From **Dt: 05.03.2025, 16:00 Hrs to Dt.20.03.2025, 09:59 Hrs** **Technical Opening: - Dt.20.03.2025 at 10: 00 Hrs** (Onwards if possible) **Commercial Opening: - Dt. 20.03.2025 at 15:00 Hrs** (Onwards if possible) |
| | | **Tender Fee** | **Rs. 500 + GST** |
| | | **Estimated Cost** | **Rs. 4,99,077.00** |

**Contact Person** Executive Engineer / Dy. Exe. Engineer (O) Tel No. 8850013714 / 7506379055

Sd/-
**SUPERINTENDING ENGINEER**

Note: All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

# भिवंडी मनपा आयुक्त ने की होटल, बार मालिक संगठनों के साथ बैठक



- फेंके गए कचरे के लिए ठहराया जिम्मेदार
- डस्टबिन में स्वयं रखें गीला-सूखा कचरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भिवंडी ।** भिवंडी मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने पदभार ग्रहण करने के बाद शहर की स्वच्छता को लेकर गंभीर कदम उठाने की शुरुआत की है। इसी के तहत चार मार्च को शहर के सभी होटल, बार, परमिट रूम मालिकों और उनके संगठनों के साथ बैठक संपन्न हुई। होटलों में बचा हुआ या बर्बाद हुआ भोजन तथा अन्य कचरा प्रतिदिन होटल के बाहर फेंका जा रहा है, यह सामने आया है। इस समस्या के समाधान हेतु प्रशासक एवं आयुक्त ने यह बैठक आयोजित की थी। इसमें यह स्पष्ट किया गया कि शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी मनपा की है, लेकिन होटल, बार, परमिट रूम मालिक भी शहर के भागीदार (स्टेकहोल्डर) हैं, इसलिए उनके प्रतिष्ठानों की स्वच्छता की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। सभी होटल, बार, परमिट रूम संचालकों/मालिकों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर गीले और सूखे कचरे के लिए बड़े डस्टबिन रखना आवश्यक होगा। साथ ही, उनके व्यवसाय स्थल पर उत्पन्न होने वाले कचरे को उन्हें स्वयं वर्गीकृत कर उन डस्टबिन में डालना होगा। भविष्य में सभी स्वास्थ्य निरीक्षक दिन में दो से तीन बार अचानक निरीक्षण करेंगे और यह जांच करेंगे कि डस्टबिन रखे गए हैं या नहीं और कचरे का सही तरीके से वर्गीकरण किया जा रहा है या नहीं। इसके अलावा, सुबह और शाम घंटागाड़ी द्वारा कचरा संग्रहण के बाद दिन के दौरान जमा होने वाले कचरे के निस्तारण के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए, जैसे बड़े लोहे के डिब्बे रखना, जिनमें व्यापारी अपने कचरे का निष्पादन कर सकें। होटल मालिकों ने भी मांग रखी कि प्रतिदिन घंटागाड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वच्छता को लेकर जागरूक हैं, लेकिन कई बार नागरिकों से विवाद उत्पन्न हो जाता है, जिससे उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

**निविदा सूचना**

प्रसिद्ध ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं
कार्य: संरचनात्मक मरम्मत, बाहरी रिप्लास्टरिंग, छत की रिसाव मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य

**स्थान:**
**"रेल विहार को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड"**
**प्लॉट नंबर-4, सेक्टर-4, खारघर, नवी मुंबई – 410210.**

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
इच्छुक ठेकेदारों को आवेदन और निविदा शुल्क ₹5000/- नकद (गैर-वापसी योग्य) जमा करना होगा। यह शुल्क परामर्शदाता कार्यालय में 05/03/2025 से 13/03/2025 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच जमा किया जा सकता है।
रिक्त निविदा दस्तावेज केवल परामर्शदाता कार्यालय में 15/03/2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच जारी किए जाएंगे।
सील की गई निविदाएँ सोसाइटी कार्यालय में 18/03/2025 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच जमा की जानी कंसल्टेंट्स

**परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता:**
**एम/एस सुयोग स्ट्रक्चरल डिज़ाइन**
**कार्यालय पता:** 103, प्रथम तल, टेक्नोसिटी बिल्डिंग, प्लॉट नं. X-5/3, होटल सरोवर पोर्टिको के पास, टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआईडीसी महापे, नवी मुंबई।
**फोन नंबर: 022-48254398**

# सेसली तीर्थ : राज्यपाल माथुर और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किए दर्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** बाली के प्रसिद्ध सेसली तीर्थ स्थित भगवान पार्श्वनाथ मंदिर में मंगलवार को विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंदिर में दर्शन किए। श्री सेसली प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन के बाद राज्यपाल माथुर और राठौड़ के साथ पूर्व सांसद पुष्प जैन और जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी भी तीर्थ स्थल पहुंचे। यात्रिक भवन में विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। श्री ओसवाल जैन संघ बाली के पदाधिकारियों ने अतिथियों का परंपरागत स्वागत किया। अध्यक्ष बाबूलाल मण्डलेशा, सचिव कांतिलाल कितावत और सह सचिव श्रीपाल कितावत ने तिलक, माला, साफा, शाल और मोमेंटो भेंट किए। कार्यक्रम में ट्रस्टी प्रकाश धोका, दीपचंद मेहता, रणजीत बाफना और बस्तीमल मेहता उपस्थित रहे। श्री बाली जैन मित्र मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र परमार और श्री महावीर जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मुकेश भंडारी भी मौजूद थे। इसके अलावा रामकिशोर गोयल, भंवर सिंह राजपुरोहित, संजय ओझा, भूपेंद्र सिंह जोधा, सरपंच जगदीश जनवा समेत समाज के कई गणमान्य लोग और 36 कौम के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



## रतन पूरी गोस्वामी श्रीसेला बने विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री

**फालना।** विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक नागौर जिले में खींवसर के पांचला सिद्धा में आयोजित हुई।

प्रचार प्रमुख सुजाराम चौधरी ने बताया कि इस बैठक में संगठन के संयुक्त केंद्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन, क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम, क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजयानंद, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी व प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल का मार्गदर्शन मिला।

प्रयाग राज में आयोजित केंद्रीय बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया। संगठन विस्तार को लेकर दायित्वों कि घोषणा की गई, जिला मंत्री रतन पूरी गोस्वामी श्रीसेला की घोषणा की गई।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में सोमवार रात को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं भामाशाह सम्मान समारोह मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, विशिष्ट अतिथि वोवेश्वर मठ के रूपपुरी महाराज, ललित भारती महाराज एवं अधिशाषी अधिकारी शिवगंज विनीता प्रजापत के सानिध्य में आयोजित किया गया। संस्था सचिव जेठाराम कुमावत ने बताया कि अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर मल्यार्पण कर व द्वीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा देवा श्री गणेशा, म्हारो प्यारो राजस्थान,चक चक धूम, घूमर, बम भोले आदि गीतों पर एकल व सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समा बांधा। संस्था प्रधान भगवती कंवर ने बताया कि इस से पूर्व भामाशाह अमृतलाल, पूर्व पार्षद पेपी बाई, वीणा देवड़ा, ज्ञानचंद्र ठेकेदार, राजूभाई ठेकेदार, लादाराम माली, आदि का माला-साफा पहनाकर व मोमेंटो व गिफ्ट देकर बहुमान किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बिना जीवन अधूरा है। उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छे औहदे पर बैठकर सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मे विद्यालय स्टाफ प्रभारी शिल्पा, संगीत अध्यापिका करीना कंवर, पूजा कुमावत, अध्यापक सोहनलाल, विक्रम कुमार, कुणाल चौहान, अशोक कुमावत, अशोक लौहार, सूरज कुमावत, लक्ष्मण कुमावत आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पहुंचे कल्लाजी धाम बसंत

**सांडेराव।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार दोपहर में बसंत गांव की सरहद पर स्थित सिद्ध पीठ काली कल्ला धाम पहुंचे, जहां पहले से स्वागत को आतुर खड़े श्रद्धालु भक्तों व भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने गाजों बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया।

कल्लाजी धाम की महिलाओं ने मदन राठौड़ के वंदावने करते हुए मंगलगीत गाते हुए कुंकुम का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। वहीं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व भाजपा प्रदेशाध्य राठौड़ ने बसंत गांव में एक शादी समारोह में भी शिरकत की। उसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का कल्लाजी धाम पहुंचने पर गादीपति जब्बर सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।



ग्रामीणों ने कल्लाजी राठौड़ के जेकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा कर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने वीर कल्लाजी राठौड़ के दर्शन कर प्रदेश के खुशहाली की कामना की। इस मौके पर जबर सिंह राजपुरोहित ने प्रदेशाध्यक्ष को भगवान श्री राम की मूर्ति भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बात करते हुए विधानसभा में गतिरोध को लेकर कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा आसन का अपमान किया है। जो कांग्रेस की सोच को दर्शाता है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था के सवाल पर उन्होंने कहा कांग्रेस के राज में अपराध का ग्राहक बढ़ा था। भजनलाल सरकार आते ही अपराध का ग्राफ गिरा है।

# वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा सांडेराव का मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कल्लाजी धाम बसंत में जोरदार स्वागत किया। इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स उपखंड सुमेरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर मेवाड़ा का प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने मेवाड़ा को शुभकामनाएं देते हुए साफा पहनकर स्वागत किया एवं राठौड़ ने मेवाड़ा से आंखों का ऑपरेशन करने के बारे में कुशल-क्षेम पुछते हुए जानकारी ली। राठौड़ एवं मेवाड़ा की मित्रता कृष्ण सुदामा की तरह रही है। बंसत गांव के कल्लाजी राठौड़ धाम पर गादीपति जब्बरसिंह राजपुरोहित, भरतसिंह, पूर्व सरपंच कैलाश सुथार सहित भक्तों ने मेवाड़ा का जोरदार फुलो का गुलदस्ते के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



### सच्चे पत्रकार जिन्होंने सच्ची पत्रकारिता को कायम रखा : राठौड़

■ मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा सांडेराव मीडिया परिदृश्य में मानदंडों को चुनौती देते दबंग पत्रकार हैं। वे सच्ची पत्रकारिता के प्रतीक हैं, जो जमीनी हकीकत और समस्याओं पर रिपोर्टिंग करते हैं। कल्लाजी धाम के गादीपति जब्बर सिंह राजपुरोहित ने कहा कि 1988 से 2025 तक मुख्यधारा के मीडिया में काम करने वाले अनुभवी वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा ने तब से स्वतंत्र पत्रकारिता की ओर रुख किया है। रिपोर्टिंग के प्रति उनका मुखर और भावनात्मक दृष्टिकोण, विशेष रूप से दुर्घटनाग्रस्त स्थल, दुखद, मौत, बढ़ते हादसों पर चर्चा करने जैसे मामलों में देश की भलाई के लिए उनकी गहरी चिंता को दर्शाता है।

# देसूरी नाल में ट्रक पलटा

■ 150 कट्टे गेहूं खाई में गिरे, खलासी घायल, चालक ने बड़े हादसे को टाला

**देसूरी।** मध्य प्रदेश से पाली जा रहा गेहूं से भरा ट्रक मंगलवार दोपहर को देसूरी नाल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक में लदे करीब 150 कट्टे गेहूं गहरी खाई में जा गिरे।

ट्रक के ब्रेक फेल होने पर चालक ने सूझबूझ दिखाई। उसने आगे-पीछे चल रहे वाहनों को बचा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। चालक ट्रक का कांच तोड़कर बाहर निकल आया। हादसे में ट्रक का खलासी सुरेंद्रसिंह घायल हो गया। सुरेंद्रसिंह नाथद्वारा का रहने वाला है।

## पाली में 500 ध्वज लेकर निकाली खाटू श्याम निशान-यात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली शहर में बुधवार को खाटू वाले श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे। पाली में 500 ध्वज लेकर खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली गई। श्रीश्याम निशान यात्रा संघ के बैनर तले खाटू श्याम बाबा की 13वीं यात्रा मंगलवार को शहर में निकाली गई। निशान पताका (ध्वज) लिए यात्रा शहर के गीता भवन से रवाना हुई। जो शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए ग मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गाजे-बाजे के साथ यात्रा शहर के गीता सत्संग भवन से रवाना हुई। श्रद्धालु खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए माहौल को धर्ममय करते हुए चल रहे थे। शहर के अम्बेडकर सर्कल, सूरजपोल, सोमनाथ मंदिर, सर्राफा बाजार होते हुए पानी दरवाजा स्थित गोपीनाथ मंदिर पहुंच संपन्न हुई।

बाबा श्याम को निशान अर्पित करने के बाद अग्रसेन भवन में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा के दौरान व्यवस्था में गिरीश गोयल, विष्णु गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, पंकज गुप्ता, राहुल सारडा, हितेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, राजीव डालमिया, नीलम बंसल, राजेश बिन्दल, कैलास गुप्ता, रविन्द्र सोनी, अमित अग्रवाल, अनिल पौद्दार, मयूर अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल, मुकेश आदि जुटे रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डा. हीरालाल द्वारा किया गया। प्राचार्य डा. लाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और समाज सेवा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सहायक आचार्य हितेन्द्रसिंह ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही, विभिन्न सूत्रों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने बताया कि आगामी दिनों में शिविर के अंतर्गत ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति अभियान और अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में कक्षा एक से नौ तक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सुमेरपुर।** ब्लॉक स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल जाखानगर में सत्र 2025-26 में कक्षा एक से नौ तक रिक्त स्थानों पर नवीन प्रवेश की प्रक्रिया मंगलवार से प्रारम्भ हुई। प्रधानाचार्य शैतानसिंह सांदू ने बताया कि प्रवेश के लिए पंजीयन आवेदन पत्र प्रातः 9.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। पंजीयन आवेदन 17 मार्च तक जमा किए जाएंगे। कक्षा एक से आठ तक प्रवेश के लिए चयनित आवेदकों की सूची 20 मार्च को जारी की जाएगी। कक्षा एक में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा स्थानीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सत्र 2025-26 में कक्षा एक से नौ तक के रिक्त पदों के अनुसार प्रवेश के लिए पंजीयन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। रिक्त पदों से सम्बन्धित जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकेगी।

# शिक्षकों के आपस में झगड़ने का वीडियो वायरल होने पर ग्रामीणों ने विद्यालय की तालाबंदी की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बापुनगर में शिक्षकों के आपसी विवाद को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय की तालाबंदी की। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी से संस्था प्रधान सुरेंद्र गोदारा, प्रबोधक शारीरिक शिक्षक कैलाश सिंह एवं शिक्षक अर्जुन देवासी के बीच में विद्यालय से जल्दी निकल जाने को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर शिक्षक आपस में झगड़े पर उतारू हो गए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने शिक्षकों के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए विद्यालय की तालाबंदी की । जिसकी सूचना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचने पर कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविंद्र त्रिवेदी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइस की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों द्वारा बच्चियों से पोषाहार का खाना पकवाना, शौचालय की साफ सफाई करवाना सहित अन्य विद्यालय का काम भी स्कूल की छात्रों से करवाया जा रहा था। साथ ही बच्चों के सामने आए दिन शिक्षक आपस में लड़ाई झगड़े करने से स्कूल छात्रों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसको लेकर तुरंत प्रभाव से दो शिक्षकों को विद्यालय से हटाने की मांग पर अड़े रहे। जिस पर प्रारंभिक तौर पर विद्यालय के संस्था प्रधान सुरेंद्र गोदारा व प्रबोधक शारीरिक शिक्षक कैलाश सिंह को तुरंत प्रभाव से विद्यालय से हटाकर उनका मुख्यालय सीबीईओ कार्यालय किया गया।



### शिक्षकों के आपस में झगड़ने का दूसरा मामला

इन दिनों सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग में शिक्षकों में आपसी विवाद के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जहां पर महीने भर में यह दूसरा मामला सामने है। ज्ञात रहे की पांच फरवरी को सलोदरिया विद्यालय में भी दो शिक्षकों के आपस में लड़ने का मामला सामने आया था। जिसमें मामला पुलिस थाने तक भी पहुंचा था। जिसकी प्रारंभिक जांच के बाद सीबीईओ कार्यालय द्वारा अग्रीम कारवाई के लिए 13 फरवरी को डीईओ माध्यमिक को पहुंचाई गई है। हालांकि डीईओ माध्यमिक को जांच भेजने के बाद आगे की कार्रवाई अभी भी चल रही है।

### दोनों शिक्षकों को एपीओ किया, जांच कमेटी गठित

हमारे पास में पूर्व में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जब सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय की तालाबंदी की। जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों की शिकायत करते हुए ज्ञापन भी दिया । जिसको लेकर संस्था प्रधान व प्रबोधक शारीरिक शिक्षक का प्रारंभिक तौर पर मुख्यालय सीबीईओ कार्यालय किया गया है। साथ ही जांच कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए।

**- रविंद्र त्रिवेदी, एसीबीईओ, सुमेरपुर।**

# देसूरी में विष्णु महायज्ञ का विशेष आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी के गुड़ामागलियान में आयोजित पांच दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनका पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया। राज्यपाल ने श्री कृष्ण धाम और मामाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने विष्णु महायज्ञ में आहुति दी और सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ के बाद अब कृष्णा डैम में मिनी कुंभ का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा उज्जैनीवीर मामाजी भक्त महेंद्रसिंह राणावत का संत समुदाय में प्रवेश। परशुरामगिरी महाराज ने उन्हें महेन्द्रानन्दगिरि महाराज का नया नाम प्रदान किया। महेंद्रसिंह बचपन से ही सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहे हैं और नशामुक्ति तथा राष्ट्र सेवा में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

परशुरामगिरी महाराज ने बताया कि महेन्द्रानन्दगिरि महाराज पंच दशनाम जुना अखाड़े से जुड़े हुए हैं। आगामी कुंभ 2027 में महंत ब्रह्मचारी अवधेश चैतन्य की उपस्थिति में उनके पंच संस्कार की विधि संपन्न होगी। महेन्द्रानन्दगिरि महाराज का जीवन त्याग, तपस्या और जीवदया के प्रति समर्पित है। यह रहे उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बाबा नंदलाल, पूर्व सांसद पुष्प जैन, सूरजकुंड के संत अवधेशानंद चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज, राजा निर्मलनाथ महाराज, मेवाड़ा जनार्धन सिंह राणावत काकरवास, संत परशुराम गिरी महाराज, अभयदास महाराज, चेतन गिरी, राम प्रकाश, रामविचारणी, हरिपुरी महाराज, कैलाश पूरी, प्रकाश पूरी महाराज, विष्णु गुरु ब्रह्मचारी महाराज, उज्जैन से राजेश भाई, आशापुरा ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष करणसिंह उचारियाडा, भाजपा नेता मुकेश राजपुरोहित, छोगसिंह राजपुरोहित, बाबूसिंह खरवड़, जेठूसिंह, हितेश व्यास, हिम्मत सिंह मेड़तिया, प्रतापसिंह बिठिया, हनवंत सिंह, कुलदीप सिंह, भवरसिंह भवरानी, नाड़ोल भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सोनी, देसूरी उपप्रधान मानवेन्द्र सिंह मेड़तिया, हकाराम जाट, उम्मेद सिंह राणावत, गुडा मांगलियान श्री कृष्ण धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष भवरलाल माली, भूराराम सीरवी, प्रभुराम, देसाराम, गिरीश भाई, मांगीलाल, वसनाराम, उदघोषक डा. प्रवीण वैष्णव सहित सैकड़ों संत कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## श्री सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम सौणाना का वार्षिक मेला 29 व 30 मार्च को

**देसूरी।** उपखंड से मात्र पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित जन-जन की आस्था का प्रतीक श्री सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम सौणाना का वार्षिक मेला 29 व 30 मार्च को आयोजित होने जा रहा है। मेले को लेकर श्री सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी जुनी धाम अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष लक्ष्मण मेघवाल, मोतीसिंह राजपुरोहित, अभिषेकसिंह राजपुरोहित, खरताराम चौधरी सहित पदाधिकारी एवं सदस्य मेले को लेकर तैयारी कर रहे हैं। भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल ने बताया कि श्री सोनाणा खेतलाजी जुनी धाम के आधार स्तंभ प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय ओंकारमल नानचंद भंडारी के दिव्य आशीष से 29 व 30 मार्च को दो दिवसीय भव्य मेला को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मेले के लाभार्थी सौ-कश्मीरा अमृतलाल मावडीकर बंबोरी परिवार निवासी जोजावर हाल पुना के सानिध्य एवं खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी जुनीधाम एवं सौणाना ग्राम वासियों की तत्वावधान में होगा। मेले को लेकर जहां मेला लाभार्थी भामाशाह अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं वहीं ट्रस्ट कमेटी के सानिध्य में युद्ध स्तर पर डेकोरेशन रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर परिसर सहित संपूर्ण गांव सजाए जाने कि तैयारियों के साथ इस बार मेला यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। 29 मार्च शाम आठ बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या नितिन कुमार इंडियन आइडल ग्रुप एवं राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार महावीर सांखला, नागौर अर्जुन राणा, भीलवाड़ा विनोद गोमती, श्री राजपुरोहित जालौर, त्रिशा सुथार सिरोही एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देंगी। वहीं श्री महाकाल भस्म रमैया ग्रुप निंबाहेड़ा, पिनाकल इवेंट पुना राजू भाई गुजरात आरती एक से बढ़कर एक झांकियां आरती एवं अपनी अदाकारी पेश करेंगे। भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल एवं भामाशाहों द्वारा लगातार राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े से मुख्य अतिथि के आमंत्रण के बारे में उच्च स्तरीय चर्चा के दौरे के बाद श्री सौनाणा खेतलाजी जूनिधाम सौनाणा आने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है।

# पाली में रेलवे स्टेशन से दुल्हन गायब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने शादी के नाम पर ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। उसने दलाल और एक महिला के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसने साढ़े तीन लाख रुपए दलाल को लेकर एक लड़की से शादी की थी। कोतवाली थाना इलाके के खोडिया बालाजी क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र दास (21) ने बताया- मैं भठिंडा (पंजाब) में मिठाई की शॉप चलाता हूं। वहां बिरामी (लूणी) जोधपुर निवासी इरशाद अहमद उर्फ अकबर उर्फ जीतू मिठाई लेने के लिए आता-जाता रहता था। करीब एक महीने पहले इरशाद मेरी कोतवाली बुआ के घर आया और बोला कि यूपी, एमपी में उसके परिचित कई परिवार हैं। जहां जितेंद्र की शादी करा दूंगा। हम उसकी बातों में आ गए। उसने शादी करवाने का खर्च करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताया। फिर 13 दिसंबर 2024 को पाली के खोडिया बालाजी क्षेत्र स्थित उसकी बुआ के यहां प्रियंका नाम की एक युवती और एक महिला और पुरुष को लेकर आया। जिन्होंने खुद को प्रियंका का माता-पिता बताया। जिन्होंने खुद को हम्मीदपुर वाराणासी का निवासी बताया। यहां प्रियंका से जितेंद्र की शादी करवाई गई। इस दौरान करीब डेढ़ सौ लोग मौजूद रहे।



### घर से ले गई गहने और रुपए

रिपोर्ट में बताया कि उसने सारी बात अपनी बुआ को बताई तो उन्होंने घर में रखी अलमारी चेक की। जिसमें गहने और 50 हजार रुपए गायब मिले। रिपोर्ट में बताया कि तय साजिश के तहत शादी करवाने के नाम पर उसे ठगा गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर प्रियंका और इरशाद के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू की।

### आगरा रेलवे स्टेशन से भागी

रिपोर्ट में बताया कि चार जनवरी को दलाल इरशाद का कॉल आया और बोला कि प्रियंका के पिता की तबीयत खराब है। इसलिए उसे मिलवाकर ले आओ। वह ट्रेन से प्रियंका को लेकर गया। चार दिन तक वह बनारस में प्रियंका के घर रूका। वापस आठ जनवरी को ट्रेन से पाली के लिए रवाना हुए। आगरा रेलवे स्टेशन पर प्रियंका टॉयलेट करने का कहकर गई। लेकिन काफी देर बाद भी नहीं मिली। इस पर दलाल ओर प्रियंका के माता-पिता से संपर्क किया उन्होंने भी प्रियंका के घर नहीं आने की बात कही।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. ए.ई. एसडब्ल्यूएम/17688/एस दि. 05.03.2025

**विषयः एस विभाग में एनजीओ से सडक स्वच्छता योजना, मैनिंग एवं मैपिंग योजना तथा मोटर लोडिंग एक वर्ष हेतु प्रत्येक छः माह की अवधि हेतु दो चरणों में एनजीओ की नियुक्ति संबंधित 01.04.2025 से 31.03.2025 तक योजना अंतर्गत मानव संसाधन आपूर्ति**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति**

स्वच्छता की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संस्थाओं की नियुक्ति हेतु एस विभाग क्षेत्र अंतर्गत इच्छुक स्थानिय पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियों, सेवा सहकारी समितियों, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियों, स्थानिय संस्थाओं, स्वशासन, गैर शासकीय संस्थाओं आदि से आवेदन आमंत्रित है। संस्थाओं के माध्यम से श्रमिकों की आपूर्ति हेतु संस्थाओं की पात्रता सूची बनाने हेतु एक आवेदन प्रस्तुत करें एवं लॉटरी के माध्यम से संस्था का चयन किया जाएगा। (अवधिः 01.04.2025 से 31.03.2026)

| क्र.सं. | योजना | ईओआई जांच शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | सडक स्वच्छता योजना | 2400/- + 18% जीएसटी |
| 2 | मोटर लोडर योजना (एनजीओ पुरुष श्रमिक) | 2400/- + 18% जीएसटी |
| 3 | मैनिंग एवं मैपिंग योजना | 2400/- + 18% जीएसटी |

एस विभाग कार्यालय के सहायक अभियंता (घ.क.व्य.) शाखा के माध्यम से उक्त अंकित योजना का योजना दि. 01.04.2025 से 31.03.2025 के एक वर्ष की अवधि हेतु प्रति छः माह की अवधि हेतु दो चरणों में दि. 05.03.2025 से दि. 12.03.2025 को शाम 05.00 बजे तक संस्थाओं से आवेदन स्वीकार कर चालान वितरित किए जाएंगे एवं निविदा जांच शुल्क (अप्रतिदेय) नागरिक सुविधा केंद्र (सी.एफ.सी.) में चालान से भरने पश्चात निविदा वितरण किया जाएगा। योजना वार निविदा प्रपत्र जमा करने की विस्तृत सूचना दि. 13.03.2025 को सहा. अभि. (घ.क.व्य.) एस विभाग कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाएगा। समस्त संस्थाएं अपने आवेदन उक्त कार्यालय में प्रस्तुत करते समय समस्त मूल दस्तावेज लाकर या कार्यालय प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी संस्था के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष से जांच करवाकर ही प्रस्तुत किए जाए। बिना जांच किए आवेदन अभिरूचि की अभिव्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगी, यह नोट करें। जांच प्रक्रिया में पात्र पाए गए स्वीकृत आवेदनों के आधार पर पात्रता सूची तैयार कर लॉटरी पद्धती से संस्थाओ का चयन किया जाएगा, सफल पाई गई संस्था को शर्तों एवं नियमानुसा स.मु.प./सहायक अभियंता (घ.क.व्य.) द्वारा कार्य का आवंटन किया जाएगा।

इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी, आवेदन एवं शपथपत्र के प्रारूप हेतु सहायक अभियंता (घ.क.व्य.) एस विभाग कार्यालय में संपर्क करें। एस विभाग कार्यालय में संस्थाओं हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 12.03.2025 को शाम 05.00 बजे तक है। सहायक अभियंता (घ.क.व्य.) एस विभाग कार्यालय में योजनावार निविदा आवेदन जमा करने की सूचना दि. 13.03.2025 को सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएंगी। सूचना में अंकित किए गए अवधि में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, तत्पश्चात किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

PRO/2696/ADV/2024-25

हस्ता./-
सहायक अभियंता (घ.क.व्य.) एस विभाग

बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत खून की जांच कराएं।

